राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–**pr.rajbhavan@gmail.com**
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने बिहारवासियों को 'गुरू नानक जयन्ती' एवं 'कार्तिक पूर्णिमा' के सुअवसर पर शुभकामनाएँ दी

पटना, 29 नवम्बर 2020

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने सिखों के आदिगुरू गुरू नानक देव की जयन्ती के सुअवसर पर सभी देशवासियों व बिहारवासियों को अपनी बधाई एवं शुभकामनाएँ दी है।

राज्यपाल ने कहा है कि गुरू नानक देव जी के संदेश आत्मिक शांति, भक्ति, समर्पण, तपस्या और भाईचारा की ओर मानवता को उन्मुख करते हैं। उनके जीवनादर्शों से सबको देश व समाज में एकता, बंधुता, समता और सद्भावना कायम रखने की सत्प्रेरणा मिलती है। राज्यपाल ने अनुरोध किया है कि 'गुरू नानक जयन्ती' शांति, सौमनस्य और प्रेमपूर्वक मनायी जानी चाहिए।

राज्यपाल श्री चौहान ने 'कार्तिक पूर्णिमा' के सुअवसर पर भी बिहारवासियों व देशवासियों को शुभकामनाएँ दी है।

....